FALEIRO) : (a) and (b) The information is being collected and will be laid oil the Tabic of the House.

### राष्ट्रीय छुट्टियां

*3226. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय छुट्टियां किस-किस तारीख को मनाई जाती हैं और उनमें से प्रत्येक का क्या महत्व है ;

(ख) क्या यह सच है कि श्रीराम के जन्म दिवस को राष्ट्रीय छुट्टियों में शामिल नहीं किया गया है ; और

(ग) क्या सरकार देश के करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को दृष्टि में रखते हुए श्रीराम के जन्म-दिवस को राष्ट्रीय छुट्टियों में शामिल करेगी ?

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्यमंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य (मंत्री) (श्रीमती मारग्रेट आल्वा)** : (क) 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस), 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) और 2 अक्तूबर (महात्मा गांधी का जन्म दिवस)।

(ख) जी हां ।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

### अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन के साथ विचार-विमर्श

3227. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान अखिल भाषा संरक्षण संगठन के प्रतिनिधियों को बातों के लिए आमन्त्रित किया है ; यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ख) क्या संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी किसी रिपोर्ट में संसदीय संकल्प को लागू करने के संबंध में कोई सिफारिश की है; यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

*पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1746, 15 दिसम्बर 1993 से स्थानांतरित ।

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा)** : (क) और (ख) अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन की मांगों का संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भारतीय भाषाओं के प्रयोग तथा उनमें अंग्रेजी के अनिवार्य प्रश्न पत्र को समाप्त करने से भी है । इन मुद्दों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष डा. सतीश चन्द्र की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा पहले ही विचार किया जा चुका है तथा समिति की सिफारिशों तथा उन पर संघ लोक सेवा आयोग की राय पर सरकार द्वारा अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है ।

### संघ लोक सेवा आयोग के सामने "सत्याग्रह"

3228. **श्री नारायण प्रसाद गुप्ता** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने का कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ लोक सेवा आयोग के सामने कोई सत्याग्रह चल रहा है; यदि हां, तो यह आंदोलन कब से चल रहा है और आंदोलन को संचालित करने वाले संगठन का नाम क्या है; और उनकी मांगें क्या हैं;

(ख) क्या यह सच है कि पुलिस ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे सत्याग्रहियों के तम्बू इत्यादि तहस-नहस कर दिए हैं;

(ग) क्या पुलिस ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे सत्याग्रहियों को हथकड़ी पहनाकर किसी मर्यादा का उल्लंघन किया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) क्या सरकार ने सत्याग्रहियों को सुरक्षा और राशन, बिजली तथा पानी जैसी प्राथमिक सुविधाएं प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया है; और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा)** : (क) अखिल भारतीय भाषा संरक्षण संगठन नामक संगठन सन् 1988 से संघ लोक सेवा आयोग के बाहर सत्याग्रह पर है। उनकी मांगें संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भारतीय भाषाओं के